तापमान
अधिकतम 24 डिग्री
न्यूनतम 10 डिग्री

हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार 13 दिसंबर 2025

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

4 बच्चों के मध्यान्ह भोजन की थाली से गायब हुए पौष्टिक आहार



## खबर संक्षेप

### होम्योपैथिक दवा केन्द्र का शुभारंभ



**पटना।** शुक्रवार को नगर पंचायत पटना में डॉ.विकास कुशवाहा होम्योपैथिक दवा केन्द्र का शुभारंभ मुख्य अतिथि गौ सेवा आयोग के जिला समिति कोरिया के अध्यक्ष रेवा यादव एवं रविशंकर शर्मा की उपस्थिति में फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर राजेश साहू, दिनेश राजवाडे विजेन्द्र लाल भदौरिया आदि मौजूद रहे।

### अभा गृह संपर्क अभियान स्वयंसेवकों ने बांटे पत्रक



**बैकुण्ठपुर।** भगवान परशुराम शाखा महलपारा बस्ती द्वारा अखिल भारतीय गृह संपर्क अभियान के तहत बीते 10 दिनों से स्वयंसेवकों द्वारा पत्रक वितरण का कार्य किया गया। घर-घर पत्रक बांटने में स्वयंसेवक किशोर सिंह, मुन्नादादा, रविकांत गुप्ता, शैलेन्द्र शर्मा, अवधेश प्रताप सिंह, राजू, प्रवीण पाण्डेय, अनुपम सोनी, मनोज सोनी, सुरेश प्रसाद, सोनू सिंह, रामजी साहू, जय कुमार चक्रधारी सहित अन्य स्वयंसेवकों का योगदान रहा।

### पुलिस आरक्षकों की चयन सूची जारी

**बैकुण्ठपुर।** पुलिस आरक्षक की चयन सूची बीते दिनों जारी की गई। अभ्यर्थियों के लिए उक्त भर्ती परिणामों से संबंधित शिकायतों एवं समस्याओं के निराकरण के लिए वरिष्ठ कार्यालय के निर्देशों के अनुपालन में जिला कोरिया में भी हेल्पडेस्क की स्थापना की गई है। स्थापित हेल्प डेस्क पुलिस अधीक्षक कोरिया रवि कुमार कुर्रे के निर्देशन में बैकुंठपुर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में 12 दिसंबर से शुरू हो गई, जो आज 13 दिसंबर एवं कल 14 दिसंबर तक संचालित रहेगा। जानकारी के अनुसार स्थापित हेल्पडेस्क दो शिफ्टों में कार्य करेगा। प्रथम शिफ्ट प्रातः 10:30 से दोपहर 12:30 बजे तक शिकायतें प्राप्त करना एवं संबंधित भर्ती समितियों से जानकारी एकत्र किया जाएगा वहीं द्वितीय शिफ्ट अपरान्ह 3:30 से 5:30 बजे तक शिकायतकर्ताओं को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने के लिए काम करेगा।

### 52 छात्राओं को किए गए स्वेटर वितरित



**बैकुण्ठपुर।** कड़ाके की ठंड को देखते हुए शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर में 11 दिसंबर को आर्थिक रूप से कमजोर छात्राओं के लिए स्वेटर वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्राचार्य अमृत लाल गुप्ता ने अपने सहयोगी शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपस्थिति में विगत वर्ष की भाँति इस वर्ष भी कुल 52 छात्राओं को स्वेटर प्रदान किए। प्राचार्य श्री गुप्ता ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य ठंड से होने वाली कठिनाइयों से छात्राओं को राहत देना, उनके स्वास्थ्य की रक्षा करना तथा नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि विद्यालय प्रबंधन प्रतिवर्ष जरूरतमंद विद्यार्थियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए समय-समय पर उपयोगी सामग्री प्रदान करता है। विद्यालय प्रशासन का मानना है कि ठंड के कारण कोई भी बच्ची अध्ययन से वंचित न रहे, इसी उद्देश्य से स्वेटर वितरण किया गया।

## 18.60 लाख कीमत, राजस्व एवं खाद्य विभाग की संयुक्त कार्रवाई

# अवैध धान परिवहन का भंडाफोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

- 600 क्विंटल धान जब्त

कोरिया जिले में राजस्व एवं खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने अवैध धान परिवहन के बड़े नेटवर्क का पदार्फाश करते हुए दो ट्रकों में भरा कुल 1500 बोरी करीब 600 क्विंटल धान जब्त किया है।

यह धान इंडियन एग्रो राइस मिल, पटना से बीएम फूड अंबिकापुर ले जाया जा रहा था। जब्त धान की कीमत करीब 18 लाख 60 हजार रुपए आंकी गई है। मिली जानकारी के अनुसार राजस्व एवं खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से धान परिवहन कर रहे दो ट्रकों को पकड़ा है। पकड़े गए ट्रकों में एक में 800 बोरी तथा दूसरे में 700 बोरी, कुल 1500 बोरी (लगभग 600 क्विंटल) धान भरा हुआ पाया गया। जिला खाद्य अधिकारी नटवर राठौर ने बताया कि ट्रक क्रमांक सीजी 04 एलजेड 6787 एवं सीजी 15 डीजे 3384 में इंडियन एग्रो राइस मिल, पटना से धान को बीएम फूड, अंबिकापुर ले जाने का प्रयास किया जा रहा था। जब्त धान की अनुमानित कीमत करीब 18 लाख 60 हजार रूपए बताई जा रही है। जांच के दौरान दोनों ट्रकों के चालकों द्वारा कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके। इस पर अधिकारियों ने तत्काल धान जब्त करते हुए दोनों वाहनों को थाना पटना में विधिवत सुपुर्द कर दिया।



धान समेत जब्त ट्रक।



### खरीदी केन्द्र पहुंच रहे किसान

कोरिया जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी अभियान के लिए लगातार खरीदी जारी है। सरडी नवापारा निवासी किसान बंशीलाल अपने 35 वर्षीय पुत्र पोशभूषण के साथ सहकारी समिति, छिंदडाड में पहुंचकर धान विक्रय किया। किसान बंशीलाल के नाम 0.57 हेक्टेयर पंजीकृत कृषिभूमि में धान की खेती की थी। खरीदी केन्द्र में उन्होंने 29.20 क्विंटल धान की बिक्री की। राज्य सरकार द्वारा निर्धारित 2369 प्रति क्विंटल की समर्थन मूल्य दर के अनुसार उन्हें 69174 रूपए की राशि प्राप्त होगी। इसी तरह ओड़गी निवासी 35 वर्षीय किसान राकेश कुमार साहू पिता रामनरेश ने सहकारी समिति, छिंदडाड में पहुंचकर धान विक्रय किया। उन्होंने समिति के माध्यम से टोकन प्राप्त किया था। राजेश ने बताया कि उन्होंने इस वर्ष 0.569 हेक्टेयर भूमि में धान की खेती की थी। खरीदी केन्द्र में उन्होंने 29.20 क्विंटल धान की बिक्री की। राज्य सरकार द्वारा निर्धारित 2369 प्रति क्विंटल की समर्थन मूल्य दर के अनुसार उन्हें 69174 रूपए की राशि प्राप्त होगी।

# कोटाडोल में विचरण कर रहा हाथियों का दल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

- वन अमले ने बनाई नजर

वन मंडल मनेन्द्रगढ़ के बिहारपुर वन परिक्षेत्र से हाथियों का 11 सदस्यीय दल बीती रात विचरण करते हुए एमसीबी जिले के वन परिक्षेत्र कोटाडोल क्षेत्र में प्रवेश किया। वन विभाग के सूत्रों के अनुसार उक्त क्षेत्र में हाथियों के दल के द्वारा किसी तरह के नुकसान नहीं होने की सूचना है, लेकिन इसके पूर्व हाथियों के दल ने वन परिक्षेत्र बिहारपुर क्षेत्र में मकानों को क्षति पहुंचाने के साथ फसलों को भी क्षति पहुंचाई थी।

वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 12 दिसंबर को हाथियों का 11 सदस्यीय दल रात्रि में वन मंडल मनेन्द्रगढ़ के वन परिक्षेत्र कोटाडोल अंतर्गत मनियारी परिसर, जनोरा, बड़गांवकला के वनक्षेत्र में विचरण करते हुए बीट रूशनी के वनक्षेत्र की ओर चले गए। कोटाडोल वन परिक्षेत्र में हाथियों के दल के द्वारा किसी तरह की कोई भी फसल हानि, पशु हानि व जनहानि नहीं पहुंचाई है। वन विभाग का मैदानी अमला हाथियों पर लगातार नजर बनाए हुए हैं और प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों को हाथियों से सुरक्षित दूरी बनाए रखने, किसी तरह की छेड़छाड़ न करने तथा जंगल नहीं जाने की समझाईस दी गई है। बीते 12 दिसंबर को हाथियों का दल कोटाडोल वन परिक्षेत्र के बीट रूशनी के कक्ष क्रमांक पी 46 तथा पी 53 में विचरण करते देखे गए। हाथियों के दल को इस क्षेत्र से ग्राम केसौडा, बड़वार, जमुनिहा की ओर जाने की संभावना जताई गई है।



# हत्या के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ वेस्ट चिरमिरी

- मामूली बात पर अपनी मां की लोहे की फरसी से किया वार

एमसीबी जिले के थाना पोड़ी क्षेत्र अंतर्गत लामीगोड़ा में बुधवार सुबह दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां 34 वर्षीय युवक ने मामूली बात पर अपनी मां की लोहे की फरसी से वार कर हत्या कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थी अर्जुन सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 10 दिसंबर की सुबह आरोपी अर्जुन सिंह ने मां शांति बाई उम्र 65 वर्ष से चाय बनाने को कहा। इस पर शांति बाई द्वारा इंकार किए जाने पर आरोपी गुस्से में आ गया और घर में रखी लोहे की फरसी से मां के गर्दन और कान के पास कई वार कर उनकी हत्या कर दी।

घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना पोड़ी में अपराध क्रमांक 109/2025 धारा 103 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक एमसीबी श्रीमती रत्ना सिंह के निर्देश तथा नगर पुलिस अधीक्षक चिरमिरी श्रीमती दीपिका मिंज के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी पोड़ी ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपराध कबूल किया, जिसके आधार पर उसका मेमोरेण्डम कथन लिया गया एवं उसके द्वारा छिपाई गई घटना में प्रयुक्त लोहे की फरसी को पुलिस ने बरामद कर जब्त किया, इसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक जवाहर लाल गायकवाड़, सहायक उप निरीक्षक शेष नारायण सिंह, कमलेश पाण्डेय, प्रधान आरक्षक सुरसेन तिर्की, आरक्षक संतोष सिंह, विनय तिवारी, प्रदीप पाण्डेय एवं थाना पोड़ी स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# सेवानिवृत्त एसईसीएल कर्मी से जमीन दिलाने के नाम पर 78 लाख की ठगी

**अम्बिकापुर।** एसईसीएल के सेवानिवृत्त कर्मचारी को जमीन दिलाने के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है। आरोपी ने दम्पति से मकान व फार्म हाउस बनाने के लिए जमीन दिलाने के नाम पर 78 लाख 97 हजार रुपए ठग लिए। पांच साल पुराने ठगी के इस मामले में जांच उपरांत पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। गांधीनगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शहर के सत्तीपारा निवासी महिला के पति वर्ष 2020 में एसईसीएल से सेवानिवृत्त हुए है। रिटायरमेंट के बाद अपना एक घर और फार्म हाउस बनाने की योजना बनाकर दम्पति आस पास के क्षेत्र में वर्ष 2019 से जमीन खोज रहे थे। इसी दौरान उनकी मुलाकात दत्ता कॉलोनी निवासी निकुंज गुप्ता से हुई। निकुंज गुप्ता ने दम्पति को जमीन दिलाने के लिए शहर के रॉयल पार्क कॉलोनी के पीछे ले जाकर लगभग पौने दस डिसमिल जमीन दिखाई। उक्त जमीन किसी अनिल अग्रवाल का होने व भूमि स्वामी की बहन को कैंसर होने के कारण उपचार के लिए जमीन बेचने की बात कही। आरोपी ने दम्पति को जमीन का एग्रीमेंट अपने नाम से कराकर रखने की बात बोलकर विश्वास दिलाया गया कि जमीन वह सीधे जमीन की रजिस्ट्री कर देगा। इस दौरान दोनों के बीच उक्त जमीन के लिए 2 लाख 10 हजार रुपए प्रति डिसमिल के हिसाब से सौदा तय हुआ था।




# एसईसीएल कटकोना कालरी में सुरक्षा पखवाड़ा

**पटना।** एसईसीएल के कोयला खान सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत 11 दिसंबर को कटकोना कालरी में विस्तृत सुरक्षा निरीक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

खदानों में सुरक्षा मानकों के अनुपालन और जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से गठित निरीक्षण दल ने कटकोना की 1 एवं 2 नंबर खदानों के भीतर व सतही क्षेत्रों का व्यापक निरीक्षण किया। निरीक्षण दल ने सभी सुरक्षा उपकरणों, कार्यस्थलों, मशीनरी, गैस मॉनिटरिंग सिस्टम, वेंटिलेशन, अग्निशमन व्यवस्था, आपातकालीन सुविधाओं तथा श्रमिकों के व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता व कार्यप्रणाली की विस्तृत समीक्षा की। इस टीम में सोहागपुर क्षेत्र के कन्वेयर विशेषज्ञ सैयद कादरी, आईएसओ पर्यवेक्षक एस. वाहने, विद्युत एवं यांत्रिकी अभियंता आरएल प्रजापति, कामगार निरीक्षक (खनन) हरिराम कोरी, सर्वेयर पवन कुमार, क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी बैकुंठपुर वीएस परिहार सहित कई अनुभवी अधिकारी शामिल रहे।

वहीं क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक बैकुंठपुर गौरव दुबे, खान प्रबंधक कटकोना एचएन चौबे, सहक्षेत्र अभियंता एकसे बेलदार, बीके सिंह और दीप कुमार यादव ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। सुरक्षा अधिकारी केके विश्वकर्मा, सर्वेयर लालमन, ज्ञानेन्द्र चतुर्वेदी, आरके मंडल, राजकुमार, मानिकचंद, राजकुमार सिंह, योगेन्द्र मिश्र, अजय सिंह, पन्ना यादव, अमन देवांगन, अशोक दुबे, जीके चटर्जी, राणा प्रताप सिंह, महेश यादव, अंजन साय और राकेश घोष सहित अनेक कर्मचारी निरीक्षण में उपस्थित रहे। निरीक्षण दल ने कार्यस्थल पर सुरक्षा नियमों के पालन को संतोषजनक पाया, हालांकि कुछ बिंदुओं पर सुधार संबंधी सुझाव भी दिए।

### घर-घर पहुंच रही स्वास्थ्य विभाग की टीम

**मनेन्द्रगढ़।** राज्य में कुष्ठ रोग उन्मूलन के उद्देश्य से समुदाय में संक्रमण रोकथाम तथा संभावित रोगियों की प्रारंभिक पहचान को लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा सघन प्रयास जारी हैं। इसी उद्देश्य से राज्य सरकार के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अविनाश खरे ने 31 दिसंबर तक सघन कुष्ठ खोज अभियान चलाने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए। इसके अतिरिक्त कलेक्टर डी. राहुल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक आयोजित कर अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार तथा सभी विभागों से आवश्यक सहयोग के निर्देश भी प्रदान किए गए।

# बीएससी नर्सिंग के तीसरे सेमेस्टर का परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर







राजवाड़े इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग में अध्ययनरत बीएससी नर्सिंग तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं का परीक्षा परिणाम घोषित हो चुका है।

तृतीय सेमेस्टर नर्सिंग पाठ्यक्रम विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण चरण होता है। इसमें वे न केवल बेसिक नर्सिंग सिद्धांतों को मजबूत करते हैं, बल्कि अन्य विषयों मेंभी गहन ज्ञान प्राप्त करते हैं। इन विषयों की कठिनाई को ध्यान में रखते हुए भी विद्यार्थियों का प्रदर्शन प्रशंसनीय रहा है। इसमें कुमारी रोशनी साहू ने 71.66 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान, कुमारी शालिनी 70.66 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान एवं कुमारी नूर अपशा ने 68 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस बार के परिणामों में कई विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर संस्थान का गौरव बढ़ाया है। उनकी सफलता के पीछे शिक्षकों के मार्गदर्शन, प्रैक्टिकल ट्रेनिंग, आधुनिक शिक्षण सुविधाओं तथा विद्यार्थियों के निरंतर अभ्यास की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। साथ ही क्लीनिकल पोस्टिंग के दौरान विद्यार्थियों ने वास्तविक परिस्थितियों में कार्य करते हुए व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया, जो परिणामों में स्पष्ट रूप से झलकता है।

संस्थान के प्रबंधन और अध्यापकगण सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दिए।

# बाल विवाह रोकने दिलाई गई शपथ



**मनेंद्रगढ़।** महिला एवं बाल विकास विभाग के नेतृत्व में संचालित बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत 100 दिवसीय विशेष जागरूकता कार्यक्रम जिलेभर में प्रभावी रूप से चलाया जा रहा है।

जिला कलेक्टर डी.राहुल वेंकट के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी आदित्य शर्मा के मार्गदर्शन में जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में जन जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इस क्रम में आईटीआई कॉलेज चिरमिरी, पॉलिटेक्निक कॉलेज चिरमिरी तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पोड़ी में छात्रों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 केक प्रावधानों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। अधिकारियों ने बताया कि कानून के अनुसार लड़को के लिए विवाह की न्यूनतम आयु 21 वर्ष तथा लड़कियों के लिए 18 वर्ष अनिवार्य है। निर्धारित आयु से पूर्व विवाह करना एवं कराना दोनों ही कानूनी अपराध हैं, जिसके लिए संबंधित व्यक्तियों पर कठोर कार्रवाई का प्रावधान है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित विद्यार्थियों को 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन) और अन्य संरक्षण संबंधी सेवाओं की जानकारी दी गई। छात्रों को बाल विवाह की सूचना तुरंत संबंधित विभाग को देने और किसी भी बाल विवाह की घटना को रोकने में सहयोग प्रदान करने के लिए प्रेरित किया गया।




# बालिकाओं के बौद्धिक विकास के लिए जागरूकता कार्यक्रम

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी एनएस रावटे के मागदर्शन में बेटी पढ़ाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत विकासखंड़ बैकुंठपुर के ग्राम पंचायत भवन भंडारपारा में शासकीय कन्या महाविद्यालय द्वारा आयोजित एनएसएस कैंप में मानव अधिकार दिवस के अवसर पर कैंप में उपस्थित स्वयं सेविकाओं के बौद्धिक विकास के उद्देश्य से मानव अधिकार के संबंध में विस्तृत जानकारी दिया गया। साथ ही उपस्थिति प्रतिभागियों को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित अन्य योजनाओं जैसे- घरेलू हिंसा, सखी वन स्टॉप सेंटर, शक्ति सदन, बाल विवाह, अनैतिक व्यापार, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के संबंध में जानकारी प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में जिला मिशन समन्वयक, मिशन शक्ति, संरक्षण अधिकारी, नवा बिहान, परियोजना समन्वयक चाईल्ड हेल्प लाईन, सामाजिक कार्यकर्ता आईसीपीएस एवं महाविद्यालय के प्राचार्य उपस्थित रहे।

## नगर पालिका बैकुंठपुर की सामान्य सभा में विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा

# निकाय चुनाव तक नहीं होगी संपत्तिकर में वृद्धि, 11 प्रस्ताव स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर के सामान्य सभा की बैठक 12 दिसंबर को नपा कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई। इनमें कई प्रस्तावों पर मुहर लगी, लेकिन शहर में संपत्तिकर में वृद्धि को आगामी नपा चुनाव तक के लिए टाल दिया गया।

बैठक के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार नपा के सामान्य सभा की बैठक में कुल 11 प्रस्ताव स्वीकृति के लिए रखे गए थे। इनमें शौचालय निर्माण कार्य 5 नग के न्यूनतम दर लागत 114:20 लाख निविदा दर 14:66 प्रतिशत कम फर्मखान कांट्रेक्टर एवं सप्लायर की स्वीकृति बावत विचार निर्णय,15 वे वित्त आयोग अंतर्गत नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत राईजिंग पाइप लाइन विस्तार व जल संग्रहण व टेंक निर्माण कार्य के लिए स्थल चयन करने के संबंध में विचार एवं निर्णय, परिषद द्वारा निर्णय अनुसार भू-तल 27 रूपए एवं प्रथम तल 32 रूपए को जीर्ण दुकानों को रेनिवेशन कर निर्धारित किराया की राशि पर संशोधन किए जाने पर विचार एवं निर्णय, वित्तीय वर्ष 2025-26 में संपत्ति कर वृद्धि करने, मुख्यमंत्री स्वालंबन दुकानों के किनारे बने सार्वजनिक शौचालय को व्यवस्थित किए जाने, टैंकर प्रदान की राशि जमा नहीं होने के कारण निकाय कोष में क्षति होने के संबंध में विचार एवं निर्णय, मानस भवन एवं सांस्कृतिक भवन शुल्क के संबंध में, निकाय के समस्त करों का निर्धारित समयावधि पर जमा नहीं करने पर 10 प्रतिशत संपत्तिकर, समेकितकर, जलकर, दुकान किराया में अधिभार की राशि लिए जाने केसंबंध में,निराश्रित वृद्धा एवं मुख्यमंत्री पेंशन तथा परिवार सहायता योजना के संबंध में, 15 वे वित्त से क्रय ट्रैक्टर तीन नग के कराए गए आरटीओं रजिस्ट्रेशन एवं बीमा के भुगतान के संबंध में तथा गैस पाइप लाइन से प्राप्त राशि से लंबित देनदारी का भुगतान किए जाने के संबंध में विचार एवं निर्णय लिया गया। सीएमओ संजय दुबे ने बताया कि सामान्य सभा की बैठक में सभी प्रस्तावों को पारित किया गया है। बैठक में नपा अध्यक्ष श्रीमती नविता शिवहरे, उपाध्यक्ष आशीष यादव, नपा के वार्डो के पार्षदगण, अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।




नगर पालिका कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित सामान्य सभा की बैठक।

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप



### पीएमश्री एकलव्य आवासीय विद्यालय में मनाया गया भारतीय भाषा उत्सव सप्ताह

**बलरामपुर।** पीएमश्री एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय भेलवाडीह में 4 से 11 दिसंबर तक 7 दिवसीय भारतीय भाषा उत्सव सप्ताह मनाया गया। इस आयोजन में विद्यालय के छात्रों एवं शिक्षकों ने पूरे जोश और उमंग के साथ भाग लिया। इस उत्सव सप्ताह का मुख्य उद्देश्य छात्रों में रचनात्मक अभिव्यक्ति का विकास, मातृभाषा एवं भारतीय भाषाओं के प्रति सम्मान, भाषाई विरासत का संरक्षण, तथा एकता और अखंडता की भावना को प्रोत्साहित करना था। एक सप्ताह तक कक्षाओं में विभिन्न भारतीय भाषाओं के शब्दों का उपयोग करते हुए भाषा वृक्ष का निर्माण, अलग-अलग भारतीय भाषाओं में गीत, कविताएं और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, वॉइस ऑफ लैंग्वेज' पॉडकास्ट के माध्यम से भाषाई अनुभव साझा करना, रोचक तरीकों से विभिन्न भारतीय भाषाओं के शब्द सीखने की गतिविधियां, विभिन्न भाषाओं में पत्र लेखन और लघु कथाओं का आदान-प्रदान, छात्रों द्वारा लैंग्वेज एक्सप्लोरेशन क्लब की स्थापना तथा इंटरएक्टिव भाषा मेले का आयोजन किया गया। इन सभी गतिविधियों की जिम्मेदारी टीजीटी हिन्दी शिक्षिका श्रीमती अमिता उपाध्याय द्वारा सफलतापूर्वक निभाई गई। विद्यालय के प्राचार्य धनेश्वर राम ने सभी गतिविधियों का निरीक्षण करते हुए छात्रों और शिक्षकों की मेहनत की सराहना की। टीजीटी सामाजिक विज्ञान के अध्यापक सचिन शर्मा ने बताया कि पूरे सप्ताह का आयोजन अत्यंत सफल, सुव्यवस्थित और शिक्षाप्रद रहा।

### छात्राओं को किया गया साइकिल का वितरण



**राजपुर।** विकासखंड के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरियों एवं हाई स्कूल आरा में गुरुवार को शासन की महत्वाकांक्षी निःशुल्क सरस्वती साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत छात्राओं को साइकिल प्रदान की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सामरी विधायक उद्देश्वरी पैकरा शामिल हुई। इस दौरान विधायक श्रीमती पैकरा ने कहा कि शिक्षा ही सशक्तिकरण का सबसे बड़ा साधन है। साइकिल मिलने से छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा मिलेगी और उनकी उपस्थिति व पढ़ाई दोनों में सकारात्मक वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा के उत्थान और बेटियों के भविष्य को संवारने के लिए लगातार योजनाओं का क्रियान्वयन कर रही है। इस अवसर पर जनपद सदस्य सुमन गुप्ता, मंडल अध्यक्ष जितेंद्र जायसवाल, बृजपाल सिंह, सरपंच बरियों रवि टेकाम, सरपंच आरा अचन राम, सरपंच घटगांव शहल राम, सुनील जायसवाल, विष्णु अग्रवाल, रवि गुप्ता, अरविंद गुप्ता सहित पालक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### विधायक ने छात्राओं को वितरण की साइकिल



**सोनगरा।** ग्राम सोनगरा में बुधवार को आयोजित साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं और स्कूल की छात्राओं को साइकिल वितरण किया। इस अवसर पर उन्होंने सरकार द्वारा संचालित शिक्षा, सुरक्षा, छात्रवृत्ति और महिलाओं से जुड़े कल्याणकारी कार्यक्रमों की जानकारी विद्यार्थियों को दी। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि किसी भी बच्चे की शिक्षा दूरी या आर्थिक स्थिति के कारण बाधित न हो। विशेष रूप से बेटियों की शिक्षा और सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता है। विधायक ने बालिकाओं को उच्च शिक्षा, खेल और प्रतियोगी परीक्षाओं में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया और ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के बढ़ते महत्व पर जोर दिया। उन्होंने अभिभावकों और शिक्षकों से विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ अनुशासन, संस्कार और खेलकूद की ओर भी मार्गदर्शन देने की बात कही। इस दौरान सरपंच कृष्णा सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष पूरन राजवाड़े, मंडल अध्यक्ष मुकेश सिंह, मंडल उपाध्यक्ष शरद चंद्र द्विवेदी, मंडल महामंत्री दीपक मिश्रा, दशरथ सिंह, सहित अन्य उपस्थित रहे।

## वनभूमि को ग्रामीण बना रहे खेत

# चांदनी-बिहारपुर के जंगलों में अवैध अतिक्रमण विभाग के लिए बनी चुनौती

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

दूरस्थ चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र में ग्रामीण वनभूमि में धड़ल्ले से अवैध अतिक्रमण कर रहे हैं। वनभूमि पर अवैध अतिक्रमण के कारण जंगल तेजी से ठूंठ में बदल रहे हैं। विभाग ने कुछ महीने पहले कुछ गांवों में अवैध अतिक्रमणों का चिन्हांकन कर काबिज वनभूमि को सुरक्षित करने की पहल की थी लेकिन अतिक्रमणकारियों पर इसका कोई प्रभाव पड़ता नहीं दिखाई दे रहा है।

**खास बात**
- बढ़ी अवैध कटाई एवं लकड़ी तस्करी की घटनाएं

कभी घने वनों के कारण चर्चा में रहने वाले चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र के जंगल अब तेजी से सिमटते जा रहे हैं। वनभूमि अधिकार के लालच में क्षेत्रवासी तेजी से वनों का सफाया करने के साथ ही वनभूमि को खेत बना रहे हैं। अवैध अतिक्रमणकारियों की दबंगई के कारण वन अमला अतिक्रमण हटाने के बजाय ऐसे तत्वों का सहयोगी बन गया है। वनभूमि को खेत बनाने का सिलसिला हाल की घटना नहीं है। यह सिलसिला वर्षों से चल रहा है। पूर्व में ग्रामीण अवैध अतिक्रमण का विरोध करते थे लेकिन अवैध अतिक्रमण में कमीशन सबकी भागीदारी होने के कारण क्षेत्र के ग्रामीणों ने भी इस मामले में चुप्पी साध ली है। ग्रामीण योजनाबद्ध तरीके से पहले पेड़ों का छिलका उतार देते हैं जिससे पेड़ सूख जाते हैं। सूखे पेड़ों को को काटने के बाद ग्रामीण वनभूमि को जोतकर खेती करने लगते है। क्षेत्र का शायद ही कोई ऐसा जंगल बचा हो जहां अवैध अतिक्रमण नहीं हो। क्षेत्र के कछवारी, कोल्हुआ, खैरा, ठाड़ पाथर, पेंडारी, उमझर आदि के जंगलों में एक बार फिर अवैध अतिक्रमण की बाढ़ आ गई है। ग्राम पंचायत करौटी ए के आश्रित ग्राम चोंगा से सटे जंगल में ग्रामीणों ने लगभग 200 एकड़ वनभूमि पर कब्जा कर खेत बना डाला है।



सड़क किनारे की वन भूमि निर्मित पक्का मकान।

**लगातार कम हो रहा घनत्व**

अवैध अतिक्रमण के साथ ही तस्कर ग्रामीणों के सहयोग से पेड़ों की कटाई कर चौखट की तस्करी कर रहे हैं। अवैध कटाई से जंगल के पुराने मोटे पेड़ों का पूरी तरह सफाया हो गया है। कुछ दूरी पर ही मध्यप्रदेश की सीमा होने के कारण ग्रामीण जंगल के रास्ते सीमावर्ती गांवों तक अवैध सिल्ली पहुंचाते हैं जहां पूर्व से ही खरीददार मौजूद रहते हैं। लकड़ी तस्करी में तीन गुना अधिक मुनाफा होने के कारण क्षेत्र में लकड़ी तस्करी बड़ा व्यवसाय बन गया है। अवैध अतिक्रमण एवं लकड़ी तस्करी को रोकने विभाग द्वारा अब तक कोई कारगर पहल नहीं की गई है।

**सुरक्षित भूमि पर भी कब्जा**

वन विभाग ने चार महीने पूर्व ग्राम महुली एवं चोंगा में वनभूमि पर ग्रामीणों द्वारा किए गए अवैध अतिक्रमण का चिन्हांकन किया था। चिन्हांकित वनभूमि सुरक्षा के लिए पौधरोपण कराने की योजना बनाई गई थी। विभाग ने अतिक्रमित वनभूमि के दोनों तरफ सीपीटी खुदवाया था। ग्रामीणों ने विभाग द्वारा चिन्हांकित भूमि पर फिर से अपना कब्जा जमा लिया है।

**संकट में सड़क किनारे की भूमि**

मुख्य मार्ग से सटे वनभूमि से अतिक्रमणकारियों का लगाव बढ़ गया है। सड़क किनारे की वनभूमि पर लोगों ने जगह-जगह झोपड़ी बनाकर तो कहीं पक्का मकान बनाकर अपना कब्जा जमा लिया है। अब सड़क किनारे की काबिज वनभूमि की खरीद-फरोख्त भी शुरू हो गई है। अतिक्रमणकारी सड़क किनारे की काबिज वनभूमि का विक्रय कर मोटी राशि वसूल रहे हैं।

**होगी कारगर पहल**

जल्द ही क्षेत्र के जंगलों का भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया जाएगा तथा अवैध अतिक्रमण को रोकने कारगर पहल की जाएगी।

-दुलेश्वर साहू
डीएफओ, सूरजपुर

# विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते के प्रयासों से 42 किमी सड़क व 23 ग्रामीण मार्गों को स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

प्रतापपुर क्षेत्र में लंबे समय से प्रतीक्षित सड़क विकास कार्यों को बड़ा बल मिला है। विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते के प्रयासों से प्रतापपुर चौक से प्रतापपुर तक लगभग 42 किलोमीटर सड़क के चौड़ीकरण व मजबूतीकरण के लिए शासन ने 24 करोड़ 58 लाख रुपये की प्रशासनिक और तकनीकी स्वीकृति जारी कर दी है। साथ ही प्रतापपुर ब्लॉक के विभिन्न गांवों को जोड़ने वाली 23 ग्रामीण सड़कों को भी मंजूरी मिली है।



यह 42 किमी सड़क प्रतिदिन भारी वाहनों, ग्रामीण यात्रियों और कृषि उत्पादों के आवागमन का मुख्य मार्ग है। अत्यधिक दबाव के कारण कई हिस्सों में सड़क टूटकर जर्जर हो चुकी थी। नए प्रस्ताव के अनुसार पम्पापुर–केरता चौक तक 1600 मीटर सीसी रोड बनाया जाएगा, जबकि शेष मार्ग पर उच्च गुणवत्ता का डामरीकरण किया जाएगा। तकनीकी स्वीकृति मिलते ही जल्द ही टेंडर प्रक्रिया शुरू होने वाली है। इसके साथ ही क्षेत्र की बड़ी जरूरत को देखते हुए प्रतापपुर ब्लॉक की कुल 23 नई ग्रामीण सड़कों को स्वीकृति मिली है, जिनमें बरगीधी–औराहा, डांड़–धूमाडांड़, परमेश्वरपुर–अहिरपारा, मजदूडीह–मयापुर, सिगरा–चाचीडांड़–तरापानी, प्रतापपुर–खोरमा, हरिहरपुर–बिहिडांड़, भेड़िया खास–महुआडांड़, पहिया–खुंसी नवापारा सहित अन्य मार्ग शामिल हैं। इन सड़कों के बन जाने से गांवों का सीधा संपर्क मुख्य सड़क से हो जाएगा, जिससे आवागमन, शिक्षा, स्वास्थ्य व कृषि कार्यों में बड़ी सुविधा मिलेगी।



# एसआईआर को लेकर एसडीएम ने जनप्रतिनिधियों के साथ की समीक्षा

**बिश्रामपुर।** एसआईआर की तिथि बढ़ने उपरांत आज गुरुवार को एसडीएम शिवानी जायसवाल की उपस्थिति में नगर पंचायत के सभा कक्ष में समीक्षा बैठक आहूत की गई, बैठक में एसडीएम शिवानी जायसवाल ने कहा कि ग्राउंड स्तर पर एसआईआर का सत्यापन कार्य की स्थिति किस प्रकार चल रही है, इसका सभी बीएलओ व बीएलए की उपस्थिति में समीक्षा की गई, इस दौरान यह बात सामने आई कि बूथ क्रमांक 98 व 100 में कार्य अधूरा चल रहा है, जिस पर एसडीएम ने कहा कि सभी आपसी तालमेल के साथ उक्त दोनों बूथ की एसआईआर प्रक्रिया को पूर्ण करें, बैठक में एसडीएम ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया में जो लोग भी अनुपस्थित हैं, उनसे फोन के माध्यम से भी संपर्क करके यदि अपना फॉर्म जमा करना चाहते हैं तो उनके फॉर्म को भरवाकर पूर्ण कराया जाए, यहां पर एएसडी सूची की विसंगति को पूर्ण रूप से सुधारने की बात कही गई, एसडीएम शिवानी जायसवाल ने बताया कि एसआईआर की सूची को सभी बीएलओ व बीएलए के समक्ष रखा गया, जिसमें कुछ पार्षदों द्वारा कुछ और लोगों के नाम को जुड़वाने हेतु पहल करने का आश्वासन दिया गया है, इस दौरान सुरजपुर तहसीलदार सूर्यकांत साय, नगर पंचायत बिश्रामपुर उपाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान, पार्षद रविशंकर बउवा, संजीत यादव, अरुण जायसवाल, नपं के रनदीप दास व अन्य उपस्थित थे।

# जल, जंगल व जमीन पर अधिकार बना रहे इसलिए सरगुजा में पांचवी अनुसूची : लैतफलांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव सुश्री जरिता लैतफलांग ने गुरुवार को मैनपाट का दौरा कर बॉक्साइट खनन के प्रभावितों से मुलाकात की।

- कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव ने मैनपाट में बॉक्साइट खदान के प्रभावितों से की मुलाकात

हाल ही में बॉक्साइट खदानों के लिए बिना किसी पूर्व सूचना के पर्यावरण स्वीकृति के लिए आयोजित सभा में स्थानीय निवासियों और प्रशासन के बीच संघर्ष की स्थिति निर्मित हो गई थी। कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व को नजर इन पर बनी हुई है। इस बात का अंदाजा इससे लगता है कि कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव सुश्री जरिता लैतफलांग हालिया दौरा ऐसे ही क्षेत्रों पर केंद्रित रहा। रायगढ़ के तमनार के बाद परसोढि कला, फिर आज मैनपाट के दौरे के बाद उन्होंने कहा कि लगभग सभी जगहों पर यह स्पष्ट हुआ है कि स्थानीय निवासियों की मंशा और स्वीकृति के विपरीत खनन कंपनियों के मुनाफे के लिए सरकार अपने तंत्र का इस्तेमाल कर उन्हें बेदखल कर रही है। प्रभावित लोगों से मुलाकात के दौरान सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सरगुजा में पांचवीं अनुसूची लागू है। यह इसलिए लागू है ताकि यहां के जल, जंगल, जमीन पर आपका अधिकार कायम रहे। लेकिन छत्तीसगढ़ की मौजूदा भाजपा सरकार पूंजीपतियों के इशारे पर आपके इस जल, जंगल और जमीन को लूट रही है। इस लूट के बाद पांचवीं अनुसूची से आपको मिले अधिकार बेमानी हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि आपके जल, जंगल, जमीन की लड़ाई में कांग्रेस आपके साथ है। कांग्रेस विधानसभा के शीतकालीन सत्र में इन मुद्दों को जोर शोर के साथ उठाने की तैयारी कर रही है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने कहा कि छत्तीसगढ़ में एक आदिवासी के मुख्यमंत्री बनने के बाद उनके आदिवासी समुदाय के हित में खड़े रहने की संभावना थी। लेकिन पूंजीपतियों और कंपनियों के द्वारा आदिवासियों के जल, जंगल, जमीन को बेखौफ होकर लुटा जा रहा है। इस दौरान जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष मो इस्लाम, डॉ लालचंद यादव, अनिल सिंह, बलराम यादव, तिलक बेहरा, अटल यादव, फूल साय लकड़ा, राजेश गुप्ता, संतोष गुप्ता, गणेश सोनी ,बदरुद्दीन इराक, अमित सिंह सहित मैनपाट ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।



### रामानुजगंज में कांग्रेस जिला अध्यक्ष हरिहर यादव का भव्य स्वागत

**रामानुजगंज।** कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के तहत नवनियुक्त जिला अध्यक्ष हरिहर यादव के प्रथम आगमन पर नगर में उनका भव्य स्वागत किया गया। पदभार ग्रहण समारोह के लिए बलरामपुर स्थित राजीव भवन जाते समय हरिहर यादव के रामानुजगंज पहुंचते ही भारत माता चौक पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई कार्यकर्ताओं द्वारा आतिशबाजी कर स्वागत किया गया। इस दौरान कांग्रेस नेता अजय सोनी, अरविन्द दुबे, वीरेंद्र सिंह, एनएसयूआई राष्ट्रीय सचिव प्रतीक सिंह, अरुण अग्रवाल, कौशल जायसवाल, अशोक गोंड, मोहम्मद बक्स, अशोक बर्मन, विकास दुबे, नीरज गुप्ता, निशांत चौबे, इंतखाब अंसारी, क्षितिज सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### अग्नि–वीर प्रशिक्षण हेतु अभ्यर्थियों की सूची जमा करने निर्देश

**भैयाथान।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र सूरजपुर ने ग्रामीण युवाओं के लिए महत्वपूर्ण सूचना जारी की है। केंद्र द्वारा जनपद पंचायतों को पत्र भेजकर अग्नि–वीर भर्ती प्रशिक्षण के लिए चयनित एवं इच्छुक अभ्यर्थियों की जानकारी तत्काल उपलब्ध कराने को कहा गया है, ताकि प्रशिक्षण प्रक्रिया समय पर संचालित हो सके। पत्र के अनुसार जनपद पंचायत मुख्यालयों में निर्धारित स्थान पर अग्नि–वीर भर्ती के लिए शारीरिक प्रशिक्षण संचालित किया जा रहा है। प्रशिक्षण का लाभ अधिक से अधिक युवाओं को मिल सके, इसके लिए जनपद पंचायतों को निर्देशित किया गया है कि एक सप्ताह के भीतर पात्र अभ्यर्थियों की सूची प्रस्तुत की जाए। इसी क्रम में जनपद पंचायत भैयाथान के सीईओ विनय गुप्ता ने बताया कि क्षेत्र के युवाओं से अग्नि–वीर प्रशिक्षण प्राप्त करना चाहते हैं, वे अपना नाम, ग्राम पंचायत, मोबाइल नंबर सहित संपूर्ण विवरण निर्धारित प्रपत्र में जनपद कार्यालय में जमा कर सकते है। सीईओ ने कहा कि समय पर जानकारी उपलब्ध कराने से युवाओं को प्रशिक्षण का सीधा लाभ मिलेगा और आगे की चयन प्रक्रिया सुचारू रूप से हो सकेगी।

# विज्ञान शिक्षकों को आईआईटी जम्मू में दिया गया आधुनिक तकनीकी प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

छत्तीसगढ़ के पीएमश्री स्कूलों को नेशनल एजुकेशन पॉलिसी–2020 की दिशा में और अधिक सशक्त बनाने तथा शिक्षकों को आधुनिक तकनीक में दक्ष करने की दिशा में बेहतर कदम उठाया गया है, स्कूल शिक्षा विभाग एवं समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ शासन के निर्देश पर राज्यभर के 151 विज्ञान एवं गणित शिक्षकों ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान जम्मू में पांच दिवसीय विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किया।

इस प्रशिक्षण का नेतृत्व पीएमश्री राज्य प्रभारी आशीष गौतम द्वारा किया गया, ज्ञात हो कि भारत सरकार की महत्त्वाकांक्षी परियोजना पीएमश्री स्कूल देश में गुणवत्तापूर्ण और समान शिक्षा के तहत स्मार्ट क्लास, डिजिटल लर्निंग, अत्याधुनिक लैब्स, ग्रीन स्कूल, कौशल एवं खेल शिक्षा जैसी सुविधाओं से लैस ये स्कूल अन्य शैक्षणिक संस्थानों के लिए रोल मॉडल बनाए जा रहे हैं, इसी श्रृंखला में अध्यापन कर रहे शिक्षकों का कौशल विकास अत्यंत आवश्यक माना गया, जिसके लिए यह प्रशिक्षण आयोजित किया गया, पांच दिवसीय कार्यशाला में शिक्षकों को स्मार्ट लैब मैनेजमेंट, 3 डी प्रिंटर संचालन, साइबर सिक्योरिटी, गूगल क्लासरूम, ड्रोन टेक्नोलॉजी, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म आधारित बेहतर कक्षा संचालन तथा आईआईटी की उन्नत लैब्स का अवलोकन कराया गया। शिक्षकों ने प्रयोगात्मक गतिविधियों के माध्यम से तकनीक को महसूस किया, जिससे भविष्य की कक्षाएं अधिक इंटरैक्टिव, नवाचारपूर्ण और प्रायोगिक होंगी, बताया जा रहा है कि सरगुजा संभाग के 20 पीएमश्री स्कूलों सहित सूरजपुर, जयनगर, बतरा, प्रेमनगर, कोतबा, शिवप्रसादनगर, जशपुर के चयनित शिक्षक प्रशिक्षण हेतु पहुंचे थे, इनमें जयनगर से व्याख्याता खुबचंद राजवाड़े, शिक्षक मुस्कान अग्रवाल, विशाल शर्मा, हिमांशु शर्मा, नैन्सी तिर्की, अर्चना ठाकुर, लोमेश सिन्हा, रविंद्र कुमार भगत शामिल रहे।



# विज्ञान विषय नवीन पाठ्य पुस्तक के संबंध शिक्षकों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

**ओड़गी।** विकासखंड स्तरीय नवीन पाठय पुस्तक के संबंध में माध्यमिक शाला के विज्ञान विषय एवं प्राथमिक शाला के पहली से तीसरी तक का प्रशिक्षण विकासखंड शिक्षा अधिकारी ओड़गी राजीव कुमार सिंह के मार्गदर्शन में एवं विकासखंड स्त्रोत समन्वयक नरेंद्र दुबे, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी अभिषेक सिंह के सहयोग से प्रशिक्षण को सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा है। जिसमें मास्टर ट्रेनर ऋषि पांडे, वैशाली वैष्णो, देव लाल पटेल, लक्ष्मण कुमार, अभिषेक शर्मा द्वारा नवीन पाठ पुस्तक से संबंधित पांच दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में प्राथमिक शाला से 57 शिक्षक शिक्षिकाएं एवं माध्यमिक शाला से 71 शिक्षक शिक्षिका पांच दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे। प्रशिक्षण का उद्देश्य एनईपी 20 -20 के आधार पर नवीन पाठ्य पुस्तक का निर्माण हुआ है जिसमें कक्षा छठवीं के विज्ञान विषय का नाम बदलकर जिज्ञासा साथ में इसमें तीन विषयों का समायोजन किया गया है। खेल यात्रा, कौशल बोध, कृति -कला शिक्षा, इन महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण कराया जा रहा।

# फुटबॉल मैच के फाइनल में कर्रा की टीम बनी विजेता

**राजपुर।** विकासखंड के ग्राम जमुनिया में आयोजित फुटबॉल मैच का समापन गुरुवार को किया गया। फाइनल मुकाबले के साथ ही समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल शामिल हुए। प्रतियोगिता के दौरान फाइनल मैच चिलमाकला (महानपारा) और कर्रा की टीमों के बीच खेला गया। दोनों टीमों ने शानदार कौशल और संघर्ष दिखाते हुए दर्शकों को बांधे रखा।

मैच के दौरान कई रोमांचक क्षण देखने को मिले लेकिन अंततः उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कर्रा की टीम विजयी बनी। खिलाड़ियों ने अपनी टीम भावना, अनुशासन और रणनीति से दर्शकों की जोरदार तालियां बटोरीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि आकाश अग्रवाल ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि युवाओं में अनुशासन, आपसी सहयोग और नेतृत्व क्षमता भी विकसित करता है। उन्होंने खिलाड़ियों को निरंतर अभ्यास करते रहने तथा बड़े मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही उन्होंने आश्वासन दिया कि जनपद स्तर पर खेल सुविधाओं के विकास के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे।



न्यायालय सक्षम प्राधिकारी (व्यपवर्तन)
एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया (छ.ग.)
//उद्घोषणा//

सर्व साधारण ग्राम पोंड़ी तहसील बैकुण्ठपुर जिला कोरिया की आम जनता को इस ईश्तहार के जरिये सूचित किया जाता है। आवेदक श्री बाल्मीक प्रसाद साहू पिता धनीराम साहू निवासी ग्राम जिल्दा पो. पोड़ी तहसील पोड़ी बचरा जिला-कोरिया (छ.ग.) द्वारा ग्राम पोंड़ी प.ह.नं. 06 तह. पोड़ी बचरा स्थित भूमि ख.नं. 797/2 रकबा 0.12 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि का औद्योगिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तित कराना चाहता है। आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, खसरा, बी-1 नक्शा सहित प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भू-व्यपवर्तन में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 22/12/2025 को 11:00 बजे तक आपत्ति पेश कर सकते है। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई सुनवाई नही होगी।

आज दिनांक 28/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा के अधीन जारी।

सक्षम प्राधिकारी (व्यपवर्तन)
एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार बैकुण्ठपुर
जिला कोरिया (छ.ग.)
//ईश्तहार//
क्रमांक /वाचक/2024
बैकुण्ठपुर दिनांक / /2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं ग्रामवासी/नगरवासी ग्राम तमजीरा की आम जनता को ईश्तहार के जरिए सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका भूपसाय सिंह पिता इन्द्रपाल जाति गोंड निवासी तमजीरा तहसील बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया के द्वारा इन्द्रपाल निवासी तमजीरा का मृत्यु दिनांक 14/4/1995 को होने के कारण मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

आवेदक/आवेदिका द्वारा प्रस्तुत उक्त जन्म/ मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने पर जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 22/12/2025 को 11:00 बजे तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 8/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया छ.ग.

न्यायालय तहसीलदार बैकुण्ठपुर
जिला कोरिया (छ.ग.)
//ईश्तहार//
क्रमांक /वाचक/2024
बैकुण्ठपुर दिनांक / /2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं ग्रामवासी/नगरवासी ग्राम तमजीरा की आम जनता को ईश्तहार के जरिए सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका भूपसाय सिंह पिता इन्द्रपाल जाति गोंड निवासी तमजीरा तहसील बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया के द्वारा सिंगारोबाई निवासी तमजीरा का मृत्यु दिनांक 9/7/2005 को होने के कारण मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

आवेदक/आवेदिका द्वारा प्रस्तुत उक्त जन्म/ मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने पर जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 22/12/2025 को 11:00 बजे तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 8/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया छ.ग.

न्यायालय तहसीलदार बैकुण्ठपुर
जिला कोरिया (छ.ग.)
//ईश्तहार//
क्रमांक /वाचक/2024
बैकुण्ठपुर दिनांक / /2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं ग्रामवासी/नगरवासी ग्राम तमजीरा की आम जनता को ईश्तहार के जरिए सूचित किया जाता है कि आवेदक/ आवेदिका भूपसाय सिंह पिता इन्द्रपाल जाति गोंड निवासी तमजीरा तहसील बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया के द्वारा कुन्जल निवासी तमजीरा का मृत्यु दिनांक 21/1/1994 को होने के कारण मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

आवेदक/आवेदिका द्वारा प्रस्तुत उक्त जन्म/ मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने पर जिस किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 22/12/2025 को 11:00 बजे तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 8/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया छ.ग.

न्यायालय तहसीलदार बैकुण्ठपुर
जिला कोरिया (छ.ग.)
//ईश्तहार//
क्रमांक /वाचक/2024
बैकुण्ठपुर दिनांक / /2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं ग्रामवासी/नगरवासी ग्राम तमजीरा की आम जनता को ईश्तहार के जरिए सूचित किया जाता है कि आवेदक/ आवेदिका रमेलाल पिता नवल साय जाति गोंड निवासी तमजीरा तहसील बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया के द्वारा नवल साय निवासी तमजीरा का मृत्यु दिनांक 16/5/1997 को होने के कारण मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

आवेदक/आवेदिका द्वारा प्रस्तुत उक्त जन्म/ मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने पर जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 22/12/2025 को 11:00 बजे तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 8/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया छ.ग.

न्यायालय तहसीलदार बैकुण्ठपुर
जिला कोरिया (छ.ग.)
//ईश्तहार//
क्रमांक /वाचक/2024
बैकुण्ठपुर दिनांक / /2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं ग्रामवासी/नगरवासी ग्राम तमजीरा की आम जनता को ईश्तहार के जरिए सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका रमेलाल पिता नवल साय जाति गोंड निवासी तमजीरा तहसील बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया के द्वारा भूखली निवासी तमजीरा का मृत्यु दिनांक 25/3/2007 को होने के कारण मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

आवेदक/आवेदिका द्वारा प्रस्तुत उक्त जन्म/ मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने पर जिस किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 22/12/2025 को 11:00 बजे तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 8/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया छ.ग.



# तलाक की अफवाहों से पूरी तरह अनजान है आराध्या : अभिषेक

**मुंबई।** बॉलीवुड के चर्चित कपल अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या राय को लेकर बीते कुछ समय से तरह-तरह की अफवाहें सोशल मीडिया और गॉसिप गलियारों में उड़ रही हैं। खासतौर पर उनके रिश्ते को लेकर तलाक की चर्चाएं लगातार सामने आती रही हैं। अब इन अफवाहों पर खुद अभिषेक बच्चन ने खुलकर बात की है और साथ ही अपनी बेटी आराध्या को लेकर एक अहम खुलासा भी किया है। एक इंटरव्यू में अभिषेक बच्चन ने बताया कि उनकी 14 साल की बेटी आराध्या इन तमाम बातों से पूरी तरह अनजान है। अभिषेक के मुताबिक, इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि आराध्या के पास अभी तक अपना कोई पर्सनल मोबाइल फोन नहीं है।

लाइफ Style



# आलिया

## गोल्डन ग्लोब्स होराइजन अवॉर्ड मिला

अभिनेत्री आलिया भट्ट की गिनती मौजूदा वक्त में इंडस्ट्री की टॉप एक्ट्रेस में होती है। अब आलिया को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिला है। उन्हें गोल्डन ग्लोब्स होराइजन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट के खाते में एक और उपलब्धि जुड़ गई है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

एक्ट्रेस को रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में गोल्डन ग्लोब्स होराइजन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। आलिया को ट्यूनीशियाई अभिनेत्री हेंड सबरी के साथ एक समारोह में सम्मानित किया गया, जिन्हें उमर शरीफ अवॉर्ड से नवाजा गया। रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का पांचवां संस्करण सऊदी अरब के जेद्दा में आयोजित किया जा रहा है। गोल्डन ग्लोब्स होराइजन अवॉर्ड जीतने पर खुशी जताते हुए आलिया ने कहा कि गोल्डन ग्लोब्स द्वारा सम्मानित होना मेरे लिए गर्व की बात है। मैं दुनिया भर में फिल्म और टेलीविजन में बदलाव ला रही महत्वाकांक्षी कलाकारों और महिलाओं की नई पीढ़ी की ओर से बोलने का मौका मिलने के लिए आभारी हूं। ऐसे समय में जब वैश्विक स्तर प्रभावशाली कहानियों को बताने के लिए लोग एकजुट हो रहे हैं, यह सम्मान वाकई काफी महत्वपूर्ण बन जाता है। इस मौके पर गोल्डन ग्लोब्स की अध्यक्ष हेलेन होहेन ने कहा कि हमें आलिया भट्ट को गोल्डन ग्लोब्स होराइजन अवॉर्ड से सम्मानित करते हुए बेहद खुशी हो रही है। यह पुरस्कार अंतरराष्ट्रीय सिनेमा में उनके असाधारण योगदान के लिए है। साथ ही वैश्विक मंच पर फिल्म व टेलीविजन के एक गतिशील और प्रभावशाली केंद्र के रूप में मिडिल ईस्ट के लगातार आगे बढ़ने का जश्न मनाता है।

हॉलीवुड मसाला



# एआई को आर्ट नहीं मानते

**लॉस एंजिल्स।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई इन दिनों एक चर्चा का विषय बना हुआ है। एक ओर जहां कई लोग इसका पूरी तरह से समर्थन करते हैं, तो वहीं कई लोगों का मानना है कि एआई के फायदे के साथ-साथ कई नुकसान भी हैं। अब हॉलीवुड स्टार लियोनार्डो डिकैप्रियो ने एआई को लेकर अपने विचार साझा किए हैं। उन्होंने कहा कि बेशक यह एक ऐसा टूल है, जो कई चीजों में सुधार ला सकता है। लेकिन इसमें मानवता की पूरी तरह से कमी है। अभिनेता ने कहा कि एआई के जरिए एक नया फिल्ममेकर कुछ अलग और नया कर सकता है।



# जेंडाया-रॉबर्ट के पोस्टर को समझ लिया असल में सगाई

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड सेलेब्स जेंडाया और रॉबर्ट पैटिनसन की एक तस्वीर हाल ही में सोशल मीडिया पर काफी बज बना रही है। दरअसल, दोनों की नई तस्वीर में जेंडाया के हाथ में रिंग नजर आ रही है और रॉबर्ट उनके काफी करीब नजर आ रहे हैं। दोनों की फोटो को देखकर लोगों को लगा कि दोनों ने सगाई कर ली है। दरअसल, जेंडाया ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर फिल्म का पोस्टर शेयर किया, जिसमें वह रॉबर्ट पैटिनसन के बेहद करीब नजर आती हैं। पोस्टर में जेंडाया के हाथ में अंगूठी और पैटिनसन को उनके इतने करीब देखकर फैंस ने इसे दोनों की असल में सगाई समझ लिया। कुछ ही मिनटों में बधाइयों और कयासों की बाढ़ सोशल मीडिया पर आ गई। लेकिन, जल्द ही साफ हो गया कि यह सगाई नहीं, बल्कि उनकी नई फिल्म के किरदारों की झलक थी। बाद में जेंडाया ने फिल्म से जुड़े और भी संकेत साझा किए।



# 12 घंटे से भी कम समय में अमेरिका लौटीं

**मुंबई।** अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा निक जोनस से शादी के बाद अमेरिका में ही रहती हैं। लेकिन, भारत में भी अपने काम और प्रोजेक्ट्स की वजह से वो यहां आती रहती हैं। लेकिन, इस बार एक्ट्रेस सिर्फ 12 घंटों के लिए भारत आईं और वापस अमेरिका लौट गईं। हालांकि, जाते-जाते प्रियंका फिर मिलने का वादा करके गई हैं। प्रियंका चोपड़ा बुधवार को ही सुबह मुंबई पहुंची थीं। इस बार वो मुंबई किसी फिल्म की शूटिंग के लिए नहीं, बल्कि कपिल शर्मा के शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में शामिल होने के लिए आई थीं। शो की शूटिंग करने के बाद प्रियंका 12 घंटों के अंदर ही वापस अमेरिका अपने घर लौट गईं। गुरुवार तड़के, प्रियंका चोपड़ा ने अपने घर के लिए उड़ान भरी। इस दौरान एयरपोर्ट जाते समय एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक सेल्फी शेयर की।



# करीना-सारा एक फिल्म में कुणाल का बदला रोल

**मुंबई।** रोहित शेट्टी की फिल्म 'गोलमाल 5' को लेकर लंबे समय से चर्चा हो रही थी और अब इस पर बड़ा अपडेट सामने आया है। इसकी कास्ट को लेकर फैंस सवाल कर रहे थे कि इस बार इसमें क्या कुछ नया होगा और जवाब हाजिर है। रोहित शेट्टी ने पुष्टि की है कि उन्होंने करीना कपूर और सारा अली खान से 'गोलमाल 5' में काम करने के लिए संपर्क किया है और कुणाल खेमू फिल्म के क्रिएटिव कंसल्टेंट हैं। इस साल अक्टूबर में किए गए एक इंस्टाग्राम पोस्ट पर रोहित शेट्टी के रिएक्शन ने सबका ध्यान खींचा है और 'गोलमाल 5' के लिए एक्साइटमेंट बढ़ा दी है। रोहित शेट्टी ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट को 'लाइक' किया, जिसमें लिखा था, 'निर्देशक रोहित शेट्टी अपनी ब्लॉकबस्टर कॉमेडी फ्रेंचाइजी गोलमाल 5 की अगली कड़ी के लिए तैयारियां कर रहे हैं।

टीवी मसाला



# अनुपमा और क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 लगातार टॉप 5 में

**नई दिल्ली।** 48वें हफ्ते की टीआरपी की लिस्ट सामने आ चुकी है। इस बार कई नए सीरियल इस लिस्ट में शामिल हुए हैं। वहीं, हर बार की तरह इस बार भी 'अनुपमा' और 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' में कड़ी टक्कर देखने को मिली। टीवी सीरियल अनुपमा और क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 में हर बार की तरह इस बार भी कड़ी टक्कर देखने को मिली। दोनों ही सीरियल लगातार टॉप 5 की लिस्ट में बने हुए हैं। इन दोनों के अलावा कई टीवी सीरियल्स इस बार लिस्ट में शामिल हुए हैं। इस हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में रुपाली गांगुली का सीरियल 'अनुपमा' नंबर वन पर है। इस सीरियल को 2.1 की रेटिंग मिली है, जबकि पिछले हफ्ते इसे 2.2 की टीआरपी मिली थी। वहीं 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' ने दूसरे स्थान पर जगह बनाई है। इस बार सीरियल 'क्योंकि सास...2' को 1.9 की टीआरपी मिली है। इस बार तीसरे नंबर की लिस्ट से 'लाफ्टर शेफ्स...' सीरियल बाहर हो गया है। इसकी जगह नए टीवी सीरियल 'गंगा माई की बेटियां' ने ली है। 48वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में तीसरे स्थान पर 'गंगा माई की बेटियां' को 1.8 की टीआरपी रेटिंग मिली है। 'उड़ने की आशा' टीवी सीरियल इस बार भी चौथे नंबर पर अपनी मजबूत पकड़ बनाए हुए है। उड़ने की आशा को इस बार भी 1.8 की टीआरपी रेटिंग मिली है, जो पहले के मुकाबले बराबर है। इस बार पांचवें नंबर पर टीवी सीरियल 'तुम से तुम तक' ने अपनी जगह बना ली है। पिछले हफ्ते पांचवें नंबर पर टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' था। 'तुम से तुम तक' को 1.8 की टीआरपी रेटिंग मिली है। यानी कि इन सभी टॉप पांच टीवी शोज की लिस्ट में आखिरी नंबर पर 'तुम से तुम तक' रहा।

## गौरव ट्रॉफी लेकर पहुंचे सिद्धिविनायक मंदिर

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 19' के विनर गौरव खन्ना ने ट्रॉफी और भारी नकद पुरस्कार जीता था। उनके साथ ही, एक्टर के पिता ने एक टेलीविजन अभिनेता के रूप में उनके कॅरियर पर गर्व जताया। उन्होंने यह भी बताया कि 'बिग बॉस 19' के कंटेस्टेंट्स ने किस तरह सीमा पार कर दी, जब उनमें से कुछ ने उनके बेटे के कॅरियर और काम पर सवाल उठाए। अब अपनी जीत के बाद गौरव खन्ना अपनी ट्रॉफी लिए मृदुल तिवारी और प्रणित मोरे के साथ सिद्धिविनायक मंदिर बप्पा के दर्शन करने पहुंचे हैं। कई वीडियोज इंटरनेट पर वायरल हो रहे हैं जिनमें गौरव सफेद कपड़े पहने हुए मंदिर के अंदर जा रहे हैं और दर्शन के बाद बाहर भी आए। मृदुल तिवारी ने भी अपनी बड़े भाई समान गौरव की ट्रॉफी को उठाकर खूब नारे लगाए। इससे पहले, गौरव के पिता विनोद खन्ना ने दावा किया कि कुछ लोग आक्रामक थे और गौरव का अपमानजनक तरीके से मजाक उड़ाते थे। उन्होंने कहा, 'जीशान कादरी और अभिषेक बजाज जैसे कंटेस्टेंट्स भी थे, जो बहुत आक्रामक थे।



# गोल्डन ग्लोब इवेंट में सलमान ने इदरीस एल्बा के साथ दिए पोज

**मुंबई।** सुपरस्टार सलमान खान इस साल सऊदी अरब के जेद्दा में होने वाले रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में शामिल हुए। वहां गोल्डन ग्लोब डिनर के दौरान भाईजान काले सूट और टाई में बहुत हैंडसम लुक में नजर आए। इस दौरान सलमान और इदरीस एल्बा को एक साथ देखकर फैंस खुश हो गए। इस दौरान सलमान ने हॉलीवुड स्टार्स इदरीस एल्बा, एडगर रामिरेज, ओल्गा कुरिलेंको और दूसरे मेहमानों के साथ फोटो खिंचवाई। हर फोटो में उनके चेहरे पर बड़ी प्यारी मुस्कान नजर आई। सलमान की इन तस्वीरों पर फैंस जमकर प्यार बरसा रहे हैं और साथ ही इन तस्वीरों को सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर कर रहे हैं। आलिया भट्ट को इस फेस्टिवल में सम्मान मिला, इस पर सलमान बहुत खुश हुए। उन्होंने कहा, 'आलिया के लिए ये बहुत बड़ी बात है। सऊदी अरब बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है और अपनी संस्कृति के साथ-साथ हमारी भारतीय प्रतिभा को भी सम्मान दे रहा है, यह बहुत अच्छी बात है। मुझे यहां बहुत अच्छा लगता है, अब मैं अक्सर आता रहता हूं।' फैंस भी सलमान की इन तस्वीरों पर प्यार बरसा रहे हैं। एक फैन ने लिखा, 'भाई उम्र के साथ और जवान होते जा रहे हैं,' एक और फैन ने लिखा, 'लग रहा है जैसे 2000 का दौर फिर आ गया,' एक और फैन ने लिखा, 'उफ्फ, हमेशा की तरह सबसे हैंडसम।' सलमान इन दिनों अपनी अगली आगामी फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' की तैयारी कर रहे हैं। यह फिल्म गलवान घाटी में हुए भारत-चीन संघर्ष पर आधारित है। इस फिल्म को अपूर्व लाखिया डायरेक्ट कर रहे हैं।



# साल 2025 में इन स्टार्स ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर छापे सबसे ज्यादा नोट

**नई दिल्ली।** साल 2025 में अक्षय खन्ना, ऋषभ शेट्टी, विक्की कौशल, अक्षय कुमार और मोहनलाल ने अपनी फिल्मों से शानदार कमाई कर बॉक्सऑफिस पर कब्जा जमाया। साल 2025 इंडियन फिल्म इंडस्ट्री के लिए बेहद रोमांचक रहा। इस साल बॉक्सऑफिस पर सिर्फ बड़े स्टार्स ही नहीं, बल्कि नए और साउथ इंडस्ट्री के एक्टर्स ने भी शानदार परफॉर्मेंस किया हैं। 2025 में सबसे ज्यादा कमाई करने वाले पांच एक्टर्स की लिस्ट में पुराने स्टार्स और नए एक्टर दोनों शामिल हैं।



**अक्षय खन्ना** : सबसे पहले आते हैं अक्षय खन्ना। उन्होंने अपने काम और फिल्मों के चुनाव से दर्शकों का दिल दोबारा जीत लिया है। इस साल उनकी फिल्मों छावा और धुरंधर ने शानदार परफॉर्मेंस दिया है। इन दोनों फिल्मों की कमाई मिलाकर उनकी कुल कमाई करीब 1,000 करोड़ रही, जिससे वे 2025 के सबसे ज्यादा कमाई करने वाले एक्टर्स में नंबर एक पर हैं।

**ऋषभ शेट्टी** : दूसरे नंबर पर हैं ऋषभ शेट्टी। उनकी साउथ फिल्म कांतारा: चैप्टर 1 ने तमिल, कन्नड़ और हिंदी ऑडियंस के बीच भी बेहद अच्छा परफॉर्म किया और दुनिया भर में लगभग 850 करोड़ से ज्यादा कमाया। इसी वजह से ऋषभ शेट्टी 2025 के टॉप एक्टर्स में दूसरे नंबर पर हैं।

**विक्की कौशल** : तीसरे नंबर पर हैं विक्की कौशल। छावा जैसी बड़ी फिल्म में विक्की की रोल ऑडियंस को काफी पसंद आई और फिल्म ने शानदार कलेक्शन किया। इस कमाई ने उन्हें 2025 के टॉप3 एक्टर्स में शामिल कर दिया है।

**अक्षय कुमार** : चौथे नंबर पर आते हैं अक्षय कुमार। उन्होंने 2025 में स्काई फोर्स, हाउसफुल 5, जॉली एलएलबी 3 और केसरी चैप्टर 2 जैसी चार फिल्मों में काम किया है। इन फिल्मों की कुल कमाई लगभग 780800 करोड़ रही है। ये दिखाता है कि बड़े नाम होने के बावजूद भी अक्षय कुमार हर साल की तरह इस साल भी अच्छी कमाई करने में सफल रहे है।

**मोहनलाल** : पांचवें नंबर पर मोहनलाल हैं। साउथ इंडस्ट्री में उनका इम्पैक्ट अभी भी कायम है। उनकी तीन एम्पुरान, थुडारम और हृदयपूर्वम फिल्मों ने मिलकर लगभग 500600 करोड़ कमाई की, जो उन्हें इस लिस्ट में शामिल करने के लिए काफी है।

साल 2025 ने यह साबित कर दिया कि सिर्फ बड़े नाम या पुराने स्टार्स का ही बोलबाला नहीं है। अच्छी स्टोरी, दमदार एक्टिंग और क्वालिटी वाली फिल्में दर्शकों का भरोसा जीतकर शानदार कमाई कर सकती हैं। यही वजह है कि इस साल की बॉक्सऑफिस लिस्ट बहुत रोमांचक और डाइवर्स रही है।

## फैमिली एंटरटेनर और एक्साइटिंग मिस्ट्री से सस्पेंस थ्रिलर तक

# आज रिलीज होंगी एक से बढ़कर एक धांसू फिल्में-सीरीज

*नई दिल्ली। ओटीटी लवर्स के लिए ये हफ्ता काफी धमाकेदार होने वाला है। शुक्रवार, 12 दिसंबर को ओटीटी के एक दो नहीं, कई धांसू फिल्में और सीरीज रिलीज होने जा रही हैं। इस लिस्ट में सस्पेंस थ्रिलर से लेकर फैमिली एंटरटेनर और एक्साइटिंग मिस्ट्री-क्राइम तक की फिल्में और सीरीज आने वाली हैं।*

**एफ1 द मूवी** : इस शुक्रवार को ब्रैड पिट की स्पोर्ट्स फिल्म, एफ1 द मूवी एप्पल टीवी+ पर स्ट्रीम होने वाली हे। इसकी कहानी 1990 के दशक के एक ट्रेंड ड्राइवर के इर्द-गिर्द घूमती है।

**थ्री रोजेज सीजन 2** : थ्री रोजेज सीजन 2 शुक्रवार यानी 12 दिसंबर से ओटीटी के प्लेटफॉर्म अहा पर देखा जा सकता है। इसकी कहानी मुंबई की तीन सहेलियों की कहानी है, जो एक एड एजेंसी शुरू करती हैं, लेकिन फ्रांस से लौटे एक खतरनाक गैंगस्टर के चंगुल में फंस जाती हैं। इसमें ईशा रेब्बा, राशि सिंह और कुशिता कल्लापु, हर्षा चेमुडु और सत्या अहम रोल में हैं।

**कांथा** : कांथा 2025 में रिलीज हुई एक तमिल पीरियड ड्रामा फिल्म है। कांथा को 12 दिसंबर, शुक्रवार से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम किया जा सकता है। मूवी में दुलकर सलमान, राणा दग्गुबाती लीड रोल में हैं।

**साली मोहब्बत** : साली मोहब्बत फिल्म 12 दिसंबर को जी 5 पर रिलीज हो रही है। इसमें राधिका आप्टे लीड रोल में है तो आप समझ सकते हैं कि ये मूवी कितनी दमदार होने वाली है। ये एक थ्रिलर ड्रामा है।




**टेलर स्विफ्ट: द एराज टूर - द फाइनल शो** : टेलर स्विफ्ट: द एराज टूर - द फाइनल शो एक कॉन्सर्ट फिल्म है, जिसमें 6 पार्ट वाली डॉक्यूमेंट्री सीरीज 'द एंड ऑफ एन एरा' भी शामिल है। इसके सीरीज के पहले दो एपिसोड जियो हॉट स्टार पर 12 दिसंबर को उपलब्ध अवेलेबल होंगे इसके बाद, 26 दिसंबर को रैपअप तक हर हफ्ते दो एपिसोड टेलीकास्ट किए जाएंगे।

**सिटी ऑफ शैडोज** : बार्सिलोना की बैकड्रॉप पर बनी यह स्पेनिश क्राइम थ्रिलर दिल दहला देती है। ये फिल्म 12 दिसंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो रही है।

**सिंगल पापा** : सिंगल पापा नेटफ्लिक्स पर 12 दिसंबर को आ रही है। इसमें एक्टर कुणाल खेमू लीड रोल में हैं। कहानी एक ऐसे आदमी की है, जो तलाक के बाद जिंदगी को नये ढंग से जीना चाहता है। इसी सोच में वह एक बच्चा गोद लेने का फैसला कर लेता है।

**द ग्रेट शम्सुद्दीन फैमिली** : द ग्रेट शम्सुद्दीन फैमिली की कहानी कृतिका कामरा के इर्द-गिर्द घूमती है। सीरीज में वो जिम्मेदार और समझदार लेखिका बानी अहमद के रोल में हैं। ये 12 दिसंबर को जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। अनुषा रिजवी द्वारा निर्देशित इस फिल्म में कृतिका कामरा, श्रेया धनवंतरी, शीबा चड्ढा और फरीदा जलाल ने अभिनय किया है।

**वेक अप डेड मैन: ए नाइव्स आउट मिस्ट्री** : वेक अप डेड मैन: ए नाइव्स आउट मिस्ट्री फिल्म 12 दिसंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो रही है। इसमें जासूस बेनोइट ब्लैंक की कहानी दिखाई गई है, जो न्यूयॉर्क के एक धर्मनिष्ठ धार्मिक समुदाय में करिश्माई पादरी मॉन्सिग्नोर जेफरसन विक्स (जोश ब्रोलिन) की बंद कमरे में हुई हत्या की जांच कर रहा है।

